सराहनीय कार्य थाना रामगढ़ दिनांक 21-04-2024 जनपद फिरोजाबाद।

थाना रामगढ पुलिस एवं ANTF यूनिट आगरा जोन, आगरा द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्त अशोक कुमार को 05 किलोग्राम अवैध अफीम (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 लाख रुपये/-) व 01 बाइक सहित किया गिरफ्तार।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा शहर मे मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ पुलिस एवं ANTF यूनिट आगरा जोन आगरा द्वारा मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त अशोक कुमार शर्मा को 05 किलोग्राम अवैध अफीम (अंतर्राष्ट्र्यी बाजार में कीमत करीब 50 लाख रुपये/-) व 01 अदद मोटरसाइकिल UP-83-AD-3314 के साथ चनौरा अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी अवैध के आधार पर थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 250/2024 धारा 8/18/29/60 N.D.P.S Act पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1.अशोक कुमार शर्मा पुत्र होतीलाल शर्मा निवासी ब्राह्मण चौराहा हिमाँयूपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी का दिनाँक व स्थानः-

दिनाँक 20/04/2024, चनौरा अंडरपास थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरणः-

1. पाँच किलो ग्राम नाजायज अफीम (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 50 लाख रुपये)।
2. एक अदद मोटरसाइकिल न0- UP 83 AD 3314

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

थाना रामगढ़ पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. निरीक्षक अपराध रामप्रवेश थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. व0उ0नि0 संजुल पाण्डेय थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
4. हे0का01040 अमरपाल सिंह थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
5. हे0का0 343 योगेश थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
6. हे0का0 737 राजकुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
7. हे0का0 670 मोहन श्याम थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

एएनटीएफ यूनिट आगरा जोन आगरा:-

1. निरीक्षक हरवेन्द्र मिश्रा ANTF यूनिट आगरा जोन आगरा।
2. हे0का0 1539 दुर्विजय सिंह ANTF यूनिट आगरा जोन आगरा।
3. हे0का0 1638 नईम खान ANTF यूनिट आगरा जोन आगरा।